| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| *1 | 3-4-2025 |
| *2 | 8-4-2025 |
| *3 | 8-4-2025 |
| *4 | 8-4-2025 |
| *5 | 11-4-2025 |
| *6 | 16-6-2025 |
| *7 | 18-6-2025 |
| *8 | 9-7-2025 |
| *9 | 25-7-2025 |
| *10 | 28-7-2025 |
| *11 | 28-7-2025 |
| *12 | 28-7-2025 |
| *13 | 28-7-2025 |
| *14 | 28-7-2025 |
| *15 | 28-7-2025 |
| *16 | 28-7-2025 |
| *17 | 28-7-2025 |
| *18 | 28-7-2025 |

**अतारांकित प्रश्न**

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| 1 | 5-4-2025 |
| 2 | 8-4-2025 |
| 3 | 8-4-2025 |
| 4 | 8-4-2025 |
| 5 | 8-4-2025 |
| 6 | 8-4-2025 |
| 7 | 8-4-2025 |
| 8 | 11-4-2025 |
| 9 | 15-4-2025 |
| 10 | 17-4-2025 |
| 11 | 17-4-2025 |
| 12 | 24-4-2025 |
| 13 | 29-4-2025 |
| 14 | 29-4-2025 |
| 15 | 1-5-2025 |
| 16 | 1-5-2025 |
| 17 | 1-5-2025 |
| 18 | 1-5-2025 |
| 19 | 1-5-2025 |
| 20 | 6-5-2025 |
| 21 | 6-5-2025 |
| 22 | 7-5-2025 |
| 23 | 30-5-2025 |
| 24 | 30-5-2025 |
| 25 | 9-6-2025 |
| 26 | 16-6-2025 |
| 27 | 16-6-2025 |
| 28 | 16-6-2025 |
| 29 | 16-6-2025 |
| 30 | 16-6-2025 |
| 31 | 27-6-2025 |
| 32 | 22-7-2025 |
| 33 | 22-7-2025 |

# नत्थी 'क'

मंगलवार, दिनांक 12 अगस्त, सन् 2025 ई0

---------

## तारांकित प्रश्न

**कृषि विश्वविद्यालयों में समूह 'ख' व 'ग' के स्वीकृत पद के सापेक्ष रिक्तियों के सम्बन्ध में**

डा0 मान सिंह यादव 1 — कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री

*1-(क) क्या कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में कितने कृषि विश्वविद्यालय संचालित हैं ?

(ख) उक्त विश्वविद्यालयों में कितने समूह 'ख' व समूह 'ग' के पद स्वीकृत हैं, और स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने पद रिक्त हैं ?

(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**वाराणसी मण्डल के किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि की सहायता के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>2 | *2-(क) क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत कितने किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि की सहायता प्राप्त हो रही है ?<br>(ख) उक्त का सम्पूर्ण विवरण क्या है ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि मंत्री |

**आकांक्षी जनपद सिद्धार्थनगर में दिव्यांगजनों को पेंशन तथा उपकरणों के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी<br>3 | *3-(क) क्या दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री बतायेंगे कि आकांक्षी जनपद सिद्धार्थनगर में कुल कितने दिव्यागंजन हैं ?<br>(ख) कुल कितने दिव्यांगजनों को पेंशन तथा कितनों को उपकरण दिये गये हैं ?<br>(ग) उक्त जनपद में ऐसे कितने दिव्यांगजन हैं जिन्हें अभी तक कोई सहायता जैसे पेंशन एवं उपकरण नहीं प्रदान किये गये हैं ?<br>(घ) इसके प्रमुख कारण क्या हैं ? | दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

**फतेहपुर जिले के बहुआ, असोथर तथा हँसवा ब्लॉक में तैनात खण्ड तकनीकी प्रबन्धक के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| डा0 के0 पी0 श्रीवास्तव<br>4 | *4-(क) क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि फतेहपुर जिले के बहुआ, असोथर तथा हँसवा ब्लाक में कौन-कौन खण्ड तकनीकी प्रबन्धक किस-किस दिनांक से तैनात हैं ?<br>(ख) एक ही ब्लाक में काफी लम्बी अवधि से कार्यरत होने के दृष्टिगत इन्हें अन्य ब्लाकों में तैनात करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि मंत्री |

**कृषि उत्पादन मण्डी समिति भरथना, जनपद इटावा में तैनात मण्डी निरीक्षकों के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह<br>5 | *5-(क) क्या कृषि विपणन मंत्री बतायेंगे कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति भरथना, जनपद इटावा में कितने मण्डी निरीक्षक कितनी अवधि से तैनात हैं, उनके नाम एवं तैनाती अवधि का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ख) शासन की स्थानान्तरण नीति के अनुसार कितनी अवधि तक मण्डी निरीक्षक एक मण्डी अथवा जनपद में तैनात रह सकते हैं ? | कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

(ग) स्थानान्तरण नीति के विरुद्ध उक्त मण्डी में तैनात मण्डी निरीक्षक/प्रभारी मण्डी सचिव के स्थानान्तरण के सम्बन्ध में दिसम्बर, 2024 में कृषि विपणन मंत्री को कितने सदस्य, विधान परिषद्/जनप्रतिनिधियों के शिकायती-पत्र प्राप्त हुये हैं ?

(घ) उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गयी एवं शासन की स्थानान्तरण नीति के विरुद्ध तैनात मण्डी निरीक्षक/प्रभारी मण्डी सचिवों का स्थानान्तरण कब तक करायेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**सरकार आलू के निर्यात एवं बिक्री हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में विदेश भेजने की योजना के सम्बन्ध में**

श्री मुकुल यादव
6

*6-(क) क्या कृषि विपणन मंत्री बतायेंगे कि सरकार आलू के निर्यात एवं बिक्री हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में विदेश भेजने की कोई योजना बना रही है ?

(ख) यदि हाँ, तो कब तक योजना को लागू करायेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)

**जनपद सहारनपुर में कम्पनीबाग में प्रतिदिन टहलने वाले व्यक्तियों से लिये जाने वाले प्रवेश शुल्क के सम्बन्ध में**

श्री शाहनवाज खान
7

*7-(क) क्या उद्यान मंत्री बतायेंगे कि जनपद सहारनपुर के शहर में स्थित कम्पनीबाग में सुबह-शाम टहलने के लिये आ रहे लोगों से प्रतिदिन 20 रुपये प्रति व्यक्ति शुल्क लिया जा रहा है जिससे उनकी जेब पर डाका डाला जा रहा है जो जनहित में निःशुल्क ही रहना चाहिये ?

(ख) क्या उस चार्ज को बन्द करवाया जा सकता है ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

उद्यान राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)

श्री हंसराज विश्वकर्मा
8

*8-[माननीय सदस्य द्वारा प्रश्न वापस लिया गया।]

**जनपद आगरा के बरौली अहीर ब्लॉक में नवीन सब्जी मण्डी की स्थापना में आवंटित की गयी जमीनों के सम्बन्ध में**

डा0 आकाश अग्रवाल
9

*9-(क) क्या कृषि विपणन मंत्री बतायेंगे कि जनपद आगरा के बरौली अहीर ब्लॉक में नवीन सब्जी मण्डी की स्थापना की गयी और इस पर कितनी धनराशि खर्च की गयी है तथा इस सब्जी मण्डी के लिये कितनी जमीन आवंटित की गयी और कितने वर्ग मीटर पर दुकानों एवं गोदामों का कितना निर्माण हुआ ?

कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)

(ख) उक्त दुकानों को किस प्रकार आवंटित किया गया ?

(ग) वर्तमान में कितनी दुकानें आवंटित होनी शेष रह गई हैं ?

(घ) क्या इस सब्जी मण्डी के निर्माण के पश्चात् भी जनपद आगरा में फतेहाबाद रोड बसई चौकी के पास सब्जी एवं फल मण्डी वर्तमान में भी संचालित हो रही है जबकि बरौली अहीर सब्जी मण्डी के निर्माण के पश्चात् यह मण्डी उधर ट्रान्सफर हो जानी चाहिये थी लेकिन आज 3 वर्ष के पश्चात् भी मण्डी को ट्रान्सफर नही किया गया है जिसके कारण मार्ग 12 घण्टे अवरुद्ध रहता है ?

(ङ) बसई चौकी के पास अवैध रूप से संचालित सब्जी एवं फल मण्डी को कब तक हटवायेंगे ?

**उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपदों में व्यायामशालाओं के विकास के सम्बन्ध में**

श्री आशुतोष सिन्हा 10

*10-(क) क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपदों में व्यायामशालाओं के विकास की कोई योजना है ?

खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

**दिनांक 23 अप्रैल, 2025 जो कि जिलाधिकारी, गोरखपुर को सम्बोधित है, पत्र के सम्बन्ध में**

श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह 11

*11-(क) क्या आबकारी मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 23 अप्रैल, 2025 जो कि जिलाधिकारी, गोरखपुर को सम्बोधित एवं महदेवा बाजार खजनी, गोरखपुर के आबादी भाग में शराब की दुकान हटाये जाने विषयक है, प्राप्त हुआ है ?

आबकारी राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)

(ख) यदि हाँ, तो पत्र में किन-किन बिन्दुओं का उल्लेख कर कार्यवाही की मांग की गयी है ?

(ग) उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गयी ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों एवं कब तक कार्यवाही पूर्ण करायेंगे ?

**जनपद कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के चैनेज 196.9 से 197.30 के मध्य छूटी हुई सर्विस लेन के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में**

श्री आशुतोष सिन्हा 12 — औद्योगिक विकास मंत्री

*12-(क) क्या औद्योगिक विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के चैनेज 196.9 से 197.30 के मध्य छूटी हुई सर्विस लेन के निर्माण कार्य को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा ?

(ख) उपरोक्त कार्य हेतु टेण्डर कब आमंत्रित किया गया था, तथा किस तिथि को सक्षम निविदाकर्ता को कार्य आवंटित किया गया, तथा किस तिथि को स्थल पर कार्य प्रारम्भ किया गया ?

(ग) क्या उक्त कार्य पूर्ण करा दिया गया है ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**खादी के सबसे सस्ते कपड़े के सम्बन्ध में**

श्री मुकुल यादव 13 — खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री

*13-(क) क्या खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री बतायेंगे कि खादी का सबसे सस्ता कपड़ा कितने रुपये मीटर है ?

(ख) क्या सरकार खादी के कपड़ों पर और छूट देने पर विचार करेगी ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

**जनपद सहारनपुर के नगर में स्थित डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर स्टेडियम में लगने वाले साधन शुल्क के सम्बन्ध में**

श्री शाहनवाज खान 14 — खेल राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)

*14-(क) क्या खेल मंत्री बतायेंगे कि जनपद सहारनपुर के नगर में स्थित डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर स्टेडियम में जो लोग खेलने के लिये आते हैं उनसे स्टेडियम की फीस के साथ-साथ अपना साधन खड़ा करने के लिये भी 20 रुपये प्रतिदिन का शुल्क वसूला जा रहा है ?

(ख) क्या उक्त साधन शुल्क बन्द करायेंगे ?

(ग) यदि हां, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**सैफई अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में**

श्री मुकुल यादव 15 — खेल राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)

*15-(क) क्या खेल मंत्री बतायेंगे कि सैफई अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण का कितना कार्य पूर्ण हुआ है ?

(ख) यदि कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, तो कितना कार्य शेष है तथा शेष कार्य कब तक पूर्ण होगा ?

(ग) क्या निर्माण कार्य पूर्ण कराने की कोई समय-सीमा निर्धारित करायेंगे ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**राजकीय मुद्रणालय, ब्रांच प्रेस हजरतगंज, लखनऊ में फोरमैन, मुद्रण ओवरसियर तथा सहायक निदेशक के पद में प्रोन्नति के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री हंसराज विश्वकर्मा 16 | *16-(क) क्या औद्योगिक विकास मंत्री बतायेंगे कि राजकीय मुद्रणालय, ब्रांच प्रेस हजरतगंज, लखनऊ में फोरमैन, मुद्रण ओवरसियर तथा सहायक निदेशक के पद जो पचास प्रतिशत प्रोन्नति कोटे से भरे जाने थे वर्ष 2015 से प्रोन्नत नहीं किये गये ? | औद्योगिक विकास मंत्री |

(ख) यदि हाँ, तो उपरोक्त कोटे से प्रोन्नति कब तक की जायेगी और इस विलम्ब के लिये कौन-कौन अधिकारी उत्तरदायी है ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

**प्रयागराज व झांसी मण्डल के उद्यान विभाग में प्रचलित योजनाओं के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव 17 | *17-(क) क्या उद्यान मंत्री बतायेंगे कि वर्तमान में प्रयागराज व झांसी मण्डल के अन्तर्गत उक्त विभाग में कौन-कौन सी योजनायें है और उससे जनता को क्या लाभ प्राप्त हो रहा है ? | उद्यान राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |

(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

**प्रदेश में संचालित आई0टी0आई0 कालेजों में प्रधानाचार्य/ प्रधानाध्यापक, प्रवक्ता एवं शिक्षकों के श्रेणीवार रिक्त पदों पर नियुक्ति के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी 18 | *18-(क) क्या व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में संचालित आई0टी0आई0 कालेजों में प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक, प्रवक्ता एवं शिक्षकों के कुल कितने पद सृजित हैं तथा सृजित पदों के सापेक्ष श्रेणीवार अब तक कितने पद रिक्त चले आ रहे हैं ? | व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |

(ख) उक्त आई0टी0आई0 कालेजों में वर्ष 2017-18 से न तो नियुक्ति की जा रही है और न ही कोई पदोन्नत किये जा रहे हैं इसके क्या कारण है?

(ग) क्या इन सहायता प्राप्त आई0टी0आई0 कालेजों में श्रेणीवार रिक्त पदों पर नियुक्ति करायेंगे?

(घ) यदि हाँ, तो कब तक ?

(ङ) यदि नहीं, तो नामांकित छात्र/छात्राओं को गुणवत्तापरक् शिक्षा प्राप्त करने में बाधक कौन है ?

(च) क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

## अतारांकित प्रश्न

श्री अनूप कुमार गुप्ता
1

1-[अन्तरित]

डा0 मान सिंह यादव
2

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)

2-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री परिषद् की बैठक दिनांक 25 फरवरी, 2025 प्रथम सत्र 2025 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, स0वि0प0 द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-1 के खण्ड 'ख' के उत्तर के क्रम में बतायेंगे कि आवेदन संख्या-313113233091 व 313112931951 की पेंशन मार्च, 2025 तक हस्तान्तरित की जायेगी तथा आवेदन संख्या-313112975921 में आवदेक द्वारा आधार ऑथेंटिकेशन एवं फाइनल सबमिट नहीं किया गया है ?

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त दोनों आवेदनों की पेंशन धनराशि लाभार्थियों के खातों में भेज दी गयी है तथा आवदेन संख्या-313112975921 को आवेदनकर्ता द्वारा फाइनल सबमिट कर दी गयी है ?

(ग) यदि हाँ, तो उक्त आवेदन संख्या की भी पेंशन आवेदनकर्ता के खाते में भेज दी गयी है ?

(घ) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव
3

कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)

3-(क) क्या कृषि विपणन मंत्री बतायेंगे कि जनपद उन्नाव के विकास खण्ड-हिलौली में ग्राम-गजराज खेड़ा से छत्रपाल खेड़ा तक लगभग 1.200 कि0मी0 सड़क मण्डी परिषद् द्वारा बनाई गई थी ?

(ख) क्या उक्त सड़क अत्यधिक जर्जर हो गई है जिससे आवागमन में जनमानस को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?

(ग) क्या वित्तीय वर्ष 2024-25 में लेपन कार्य कराया गया है ?

(घ) यदि नहीं, तो क्या उक्त सड़क का डामरीकरण/ लेपन कार्य करायेंगे ?

(ङ) यदि हाँ, तो कब तक ?

(च) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री अशोक अग्रवाल<br>4 | 4-(क) क्या औद्योगिक विकास मंत्री बतायेंगे कि आगरा से लखनऊ, आगरा एक्सप्रेस-वे के किनारे जनहित में निर्मित कराये गये साइड पटरी रोड का निर्माण स्थानीय जनता के उपयोग के लिए कराया गया है, जिसको जनता द्वारा आवागमन तथा गाँव आदि से उक्त मार्ग पर आने-जाने हेतु उपयोग में लाया जाता है ?<br>(ख) यदि हां, तो प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अन्तर्गत 103 किलोमीटर निकले किसान पथ/आउटर रिंग रोड जिसके दोनों तरफ सर्विस लेन का निर्माण कराया गया है, उक्त सर्विस लेन के किनारे कँटीले तारों की बैरिकेंटिंग लगाकर किसानों/आम-जनता को उनके खेत/घरों में जाने पर प्रतिबन्धित कर दिया गया है ?<br>(ग) यदि हां, तो क्या सरकार आगरा एक्सप्रेस-वे व शहीद पथ की भाँति जनहित में किसानों के उपयोग हेतु निर्मित करायी गयी सर्विस लेन के किनारे लगाये गये कँटीले तारों को उनके घरों/खेत के सामने से हटवायेंगे ?<br>(घ) यदि हां, तो जनहित में कब तक गाँवों के किसानों की कठिनाइयों को देखते हुए घरों के सामने से व खेत को जाने हेतु तार हटाकर हजारों किसानों की समस्या का निराकरण करायेंगे ? | औद्योगिक विकास मंत्री |
| श्री अशोक अग्रवाल<br>5 | 5-(क) क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बतायेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं/बच्चों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने एवं उनके सर्वांगीण विकास हेतु महत्वाकांक्षी योजना खेलो इण्डिया योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में खेल अवस्थापना सुविधाओं का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत जनपद-हरदोई, विकास खण्ड-माधौगंज के ग्राम सभा समुखा में युवा कल्याण विभाग को 08 बीघा के लगभग निःशुल्क भूमि वर्ष 2006 में आवंटित कर युवा कल्याण विभाग हरदोई के नाम अभिलेखों में अंकित कराते हुए हस्तगत कर दी गयी थी, जिला स्तर पर मिनी स्टेडियम/खेल के मैदान के रूप में विकसित करने हेतु सर्वे कराकर आगणन तैयार कराया गया था ? | खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |

(ख) यदि हाँ, तो क्या जनपद-हरदोई, विकास खण्ड-माधौगंज के ग्राम सभा समुखा युवा कल्याण विभाग हरदोई के नाम अभिलेखों में अंकित उक्त भूमि पर अभी तक उक्त स्थान पर मिनी स्टेडियम /खेल के मैदान/अन्य क्रीड़ा आदि से सम्बन्धित प्रचलित ग्रामीण योजना के अन्तर्गत योजना में चयनित कर जनहित में विकसित किये जाने हेतु आगणन तैयार कर उक्त मैदान में खेल अवस्थापना सुविधाओं से सुसज्जित कराया जायेगा ?

(ग) यदि हां, तो कब तक तथा कितना आगणन बनाया/स्वीकृत किया गया है ?

(घ) शासन में उक्त प्रस्ताव कितने वर्षों से लम्बित है तथा लम्बित प्रस्ताव पर ग्राम सभा समुखा में ग्रामीण मिनी स्टेडियम/खेल अवस्थापना/खेल क्रीड़ा मैदान आदि सरकार द्वारा संचालित किसी योजना में चयनित कर क्रीड़ा सम्बन्धी सुविधाओं से उक्त क्षेत्र के बच्चों को लाभान्वित करायेंगे ?

डा0 मान सिंह यादव
6

6-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 17 अक्टूबर, 2024, जो छात्र व छात्राओं को छात्रवृत्ति दिलाये जाने के सम्बन्ध में था, जो प्रमुख सचिव, मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ?

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)

(ख) यदि हाँ, तो पत्र में इंगित छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति स्वीकार कर लाभ प्रदान कर दिया गया है ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

(घ) क्या उक्त छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान कर सदन को अवगत करायेंगे ?

डा0 मान सिंह यादव
7

7-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-भीरा, मजरे मझिगवाँ हरदोई, जनपद-रायबरेली में रजिस्ट्रेशन संख्या-313312677861 व 313312677962 के माध्यम से वृद्धावस्था पेंशन दिये जाने हेतु आवेदन किये गये हैं ?

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त लाभार्थियों के खातों में पेंशन भेज दी गयी है ?

(ग) यदि हां, तो कब ?

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>8 | 8-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर, विकास खण्ड लहरपुर, ग्राम पंचायत अकबरपुर के ग्राम अलबटनपुर में बारात घर न होने से ग्रामीणों को शादी-विवाह व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु बारात घर/सामुदायिक केन्द्र का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव<br>9 | 9-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ के राजाजीपुरम में राष्ट्रीय पारिवारिक योजना का लाभ प्रदान किये जाने हेतु रजिस्ट्रेशन सं0-3132241079 के साथ ही दिनांक 01 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक जिला समाज कल्याण अधिकारी, लखनऊ को कितने ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं ?<br>(ख) क्या आवेदनकर्ताओं को उक्त लाभ प्रदान कर दिया गया है ?<br>(ग) यदि हां, तो कब तथा उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव<br>10 | 10-(क) क्या सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ के निवासियों को रोजगार हेतु जिला उद्योग की किसी योजना के अन्तर्गत ऋण दिलाये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 18 मार्च, 2025, जो कि आपको सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ?<br>(ख) क्या उपरोक्तानुसार आई0जी0आर0एस0 संख्या-18157250042341 के अन्तर्गत जिलाधिकारी, लखनऊ को विशेष सचिव, मुख्य मंत्री द्वारा भी आदेशित किया गया है ?<br>(ग) यदि हाँ, तो उपरोक्तानुसार जनपद स्तर पर सम्बन्धितों को रोजगार के लिये ऋण दिलाये जाने हेतु किये गये प्रयासों का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन मंत्री |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव 11 | 11-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि उ0प्र0 सचिवालय में कार्यरत कार्मिकों के राजकीय आवासों के मरम्मत/जीर्ण-शीर्ण आवासों को ठीक कराये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 05 फरवरी, 2025, जो कि आपको सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ?<br>(ख) उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गयी है और क्या किये गये अनुरोध पर कार्यवाही पूर्ण हो गयी है ?<br>(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | मुख्य मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव 12 | 12-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि ग्राम पंचायत-सन्दाना, विकास खण्ड-हिलौली, जनपद-उन्नाव में रजिस्ट्रेशन संख्या-313111311181 व 313111311195 के द्वारा वृद्धावस्था पेंशन दिये जाने हेतु आवेदन किये गये हैं ?<br>(ख) यदि हां, तो क्या उक्त लाभार्थियों के खातों में वृद्धावस्था पेंशन भेज दी गयी है ?<br>(ग) यदि हां, तो कब ?<br>(घ) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव 13 | 13-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-फतेहपुर, तहसील-बिन्दकी, ग्राम-अमौली, मोहल्ला-अमौली में राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ प्रदान किए जाने हेतु रजिस्ट्रेशन संख्या-3143123430 के साथ ही दिनांक 04 नवम्बर, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक जिला समाज कल्याण आधिकारी, जनपद-फतेहपुर को कितने ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुये हैं ?<br>(ख) क्या आवेदनकर्ताओं को उक्त लाभ प्रदान करा दिये गये हैं ?<br>(ग) यदि हां, तो कब ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव 14 | 14-(क) क्या दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-कौशाम्बी में डी0 डी0 आर0 एस0 के तहत सत्र, 2024-25 के प्रस्ताव को जनपद से समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए कार्यवाही कराये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 04 अप्रैल, 2025, जो कि मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ? | दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |

(ख) यदि हां, तो उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे और उक्त के क्रम में क्या कार्यवाही पूर्ण करा दी गयी है ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों और कब तक कार्यवाही पूर्ण करायेंगे ?

| सदस्य | प्रश्न | मंत्री |
|---|---|---|
| श्री पवन कुमार सिंह<br>15 | 15-(क) क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड-बिसवां में कोई खेल मैदान न होने से क्षेत्र के इच्छुक युवाओं को खेलने हेतु कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) उक्त समस्या के निदान हेतु खेल के मैदान का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>16 | 16-(क) क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड-पहला में कोई खेल मैदान न होने से क्षेत्र के इच्छुक युवाओं को खेलने हेतु कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) उक्त समस्या के निदान हेतु खेल के मैदान का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>17 | 17-(क) क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड-पिसावां में कोई खेल मैदान न होने से क्षेत्र के इच्छुक युवाओं को खेलने हेतु कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) उक्त समस्या के निदान हेतु खेल के मैदान का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>18 | 18-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर, विकास खण्ड-पहला मुख्यालय में कस्बा सरैंया में बारात घर न होने से ग्रामीणों को शादी-विवाह व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु बारात घर/सामुदायिक केन्द्र का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| डा0 मान सिंह यादव 19 | 19-(क) क्या पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 20-04-2025, जो जनपद उन्नाव में कन्या विवाह हेतु शादी अनुदान दिलाये जाने के सम्बन्ध में आपको सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ?<br>(ख) यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ?<br>(ग) क्या उक्त धनराशि लाभार्थियों के खाते में भेज दी गयी है ?<br>(घ) क्या उक्त के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही से सदन को अवगत करायेंगे ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव 20 | 20-(क) क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि जनपद-अयोध्या के दर्शननगर में किसान सम्मान निधि के रजिस्ट्रेशन संख्या-UP157117469 व UP157009497 एवं अन्य की किसान सम्मान निधि पिछले लगभग 2 वर्षों से नहीं भेजी गयी है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त आवेदनकर्ताओं को किसान सम्मान निधि प्रदान करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव 21 | 21-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद उन्नाव के तहसील-पुरवा, ब्लाक-हिलौली में राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का लाभ प्रदान कराये जाने हेतु दिनांक 01 जनवरी, 2025 से 15 अप्रैल, 2025 तक जिला समाज कल्याण अधिकारी, उन्नाव को कितने ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं ?<br>(ख) क्या आवेदनकर्ताओं को उक्त लाभ प्रदान करा दिया गया है ?<br>(ग) यदि हां, तो कब ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव<br>22 | 22-(क) क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि फतेहपुर जिले के ग्रामीण इलाके के प्रत्येक ब्लाक में किन-किन खण्ड तकनीकी प्रबन्धकों को किस-किस दिनांक से तैनात किया गया है ?<br>(ख) उपरोक्त खण्ड तकनीकी प्रबन्धकों को किस सेवा प्रदाता कम्पनी के माध्यम से तैनात किया गया है ?<br>(ग) एक ही ब्लाक में लम्बी समयावधि से लगातार तैनात रहने वाले खण्ड तकनीकी प्रबन्धकों का पारस्परिक ब्लाक परिवर्तन करायेंगे ?<br>(घ) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>23 | 23-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-हरदोई, तहसील-मल्लावाँ, ब्लाक-बिलग्राम के ग्राम पंचायत-बखौरा में वृद्धावस्था पेंशन के 313014072921 के साथ ही दिनांक 01 जनवरी, 2025 से 25 मई, 2025 तक कितने आवेदन प्राप्त हुये हैं ?<br>(ख) क्या आवेदनकर्ताओं के खातों में पेंशन भेज दी गई है ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब ?<br>(घ) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>24 | 24-(क) क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि पत्रांक संख्या-888/आशु/प्रशा/2022, दिनांक 20 सितम्बर, 2022 कार्यालय उप कृषि निदेशक, गोण्डा के द्वारा व कार्मिकों के द्वारा की जा रही अनियमितताओं के आधार पर कार्यवाही हेतु संस्तुति की गयी है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो जाँचोपरान्त नियमानुसार अब तक उक्त प्रकरण में क्या कार्यवाही की गयी है ?<br>(ग) यदि नहीं, तो कब तक जाँचोपरान्त नियमानुसार उक्त प्रकरण में कार्यवाही करायेंगे ? | कृषि मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>25 | 25-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद उन्नाव की तहसील-पुरवा एवं तहसील-सदर में वृद्धावस्था पेंशन के 313113288261 व 313123398821 द्वारा आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |

(ख) क्या आवदेनकर्ताओं के खातों में पेंशन भेज दी गयी है ?

(ग) यदि हाँ, तो कब ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पवन कुमार सिंह
26

26-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर, विकास खण्ड-रामपुर मथुरा के ग्राम अखरी में बारात घर न होने से ग्रामीणों को शादी-विवाह व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)

(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु बारात घर/सामुदायिक केन्द्र का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पवन कुमार सिंह
27

27-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर, विकास खण्ड सिधौली के ग्राम अलमापुर में बारात घर न होने से ग्रामीणों को शादी-विवाह व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु बारात घर/सामुदायिक केन्द्र का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पवन कुमार सिंह
28

28-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर, विकास खण्ड ऐलिया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत टीकर बहादुरपुर में बारात घर न होने से ग्रामीणों को शादी-विवाह व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु बारात घर/सामुदायिक केन्द्र का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री पवन कुमार सिंह<br>29 | 29-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर, विकास खण्ड रामपुर मथुरा, ग्राम पंचायत-जानकी नगर में बारात घर न होने से ग्रामीणों को शादी-विवाह व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु बारात घर/सामुदायिक केन्द्र का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>30 | 30-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर, विकास खण्ड लहरपुर के अन्तर्गत शरीफपुर कसमण्डा में बारात घर न होने से ग्रामीणों को शादी-विवाह व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु बारात घर/सामुदायिक केन्द्र का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |
| श्री अनूप कुमार गुप्ता<br>31 | 31-(क) क्या सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री बतायेंगे कि विभाग में किस-किस पद पर कितने कर्मचारी कितने समय से कहाँ-कहाँ कार्यरत हैं ?<br>(ख) क्या इनकी तैनाती गाजियाबाद में है और ये कर्मचारी मेरठ मण्डल में भी कार्य कर चुके हैं ?<br>(ग) यदि हां, तो कब तक ? | सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>32 | 32-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद उन्नाव, तहसील-पुरवा, विकास खण्ड-हिलौली, ग्राम-बनपुरा में वृद्धावस्था पेंशन के आवेदन संख्या-313113325801 व 313113325728 के आवेदन प्राप्त हुये हैं ?<br>(ख) क्या आवेदनकर्ताओं के खातों में पेंशन भेज दी गयी है ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पवन कुमार सिंह<br>33 | 33-(क) क्या कृषि विपणन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर, विकास खण्ड-ऐलिया हरगांव महोली मार्ग से ग्राम जार तक सड़क की दूरी जो 01 किमी0 है, काफी जर्जर है, जिससे नागरिकों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु सड़क का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) |